रजिस्ट्री सं० डी-222

REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 7] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 28, 1973 (वैशाख 8, 1895)

No. 7] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 28, 1973 (VAISAKHA 8, 1895)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग I—खण्ड 3

PART I—SECTION 3

रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence

---

रक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 28 अप्रैल 1973

सं० 9, दिनांक 19 अप्रैल, 1973—भारतीय सेना अकादमी (जिसे पहले मिलिटरी कालेज के नाम से जाना जाता था) में भर्ती के लिए संघ लोक सेवा आयोग के द्वारा परीक्षा के लिए नियत स्थानों तथा तारीखों का उल्लेख संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी की जानेवाली सूचना में किया जाएगा। कोर्स की संख्या तथा अकादमी में प्रारम्भ होने का महीना तथा परीक्षा के परिणाम पर प्रवेश के लिए अनुमानित रिक्त स्थानों की संख्या का आयोग द्वारा जारी की गई सूचना में उल्लेख किया जाएगा।

2. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली गई लिखित परीक्षा तथा सेना सेलेक्शन बोर्ड द्वारा लिए गए इन्टरव्यू के परिणामों के आधार पर भारतीय सेना अकादमी में प्रवेश दिया जाएगा।

3. उम्मीदवार जिन्होंने भारतीय नौसेना परीक्षा में विशेष प्रवेश कैडेट के तौर पर आवेदन किया है उन्हें भारतीय सेना अकादमी में प्रवेश से पूर्व अपना अन्तिम विकल्प दे देना चाहिए। प्रवेश के उपरान्त उनके मामले पर नौसेना में विशेष प्रवेश के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

4. उम्मीदवार को अविवाहित पुरुष और निम्नलिखित में से एक होना चाहिए :

(क) भारत का नागरिक या

(ख) सिक्किम की प्रजा या

(ग) भूटान की प्रजा या

(घ) नेपाल की प्रजा या

(ङ) मूल रूप से भारतीय हो, जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका और पूर्वी अफ्रीका के केनिया, युगांडा तथा संयुक्त तंजानिया गणराज्य (भूतपूर्व टांगानिका, और जंजीबार) देशों से आया हो।

ऊपर की (घ) तथा (ङ) कोटियों के अन्तर्गत आने वाले उम्मीदवार के पास भारत सरकार द्वारा दिया पात्रता प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

ऐसे उम्मीदवारों के मामले में जोकि नेपाल के गोरखा नागरिक हों, परीक्षा में बैठने के लिए पात्रता प्रमाण-पत्र की आवश्यकता नहीं है।

परीक्षा में उस उम्मीदवार को भी बैठने दिया जा सकता है जिसके लिए पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक हो और जिसे इस शर्त के साथ अस्थायी रूप से अकादमी में भर्ती किया जाये कि उसे सरकार नया प्रमाण-पत्र देगी।

टिप्पणी : विधुर या ऐसा व्यक्ति जिसने अपनी पत्नी को तलाक दे दिया हो उपर्युक्त नियमों के प्रयोजन के लिए अविवाहित पुरुष नहीं माना जा सकता।

5. निर्धारित शारीरिक योग्यता स्तर के अनुसार उम्मीदवारों को शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। स्वास्थ्य परीक्षा का मानक अधिसूचना के परिशिष्ट III में दिया गया है।

परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों में से काफी उम्मीदवार बाद में डाक्टरी जांच के आधार पर अस्वीकार कर दिए जाते हैं। अंत में निराश न होना पड़े इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अपने हित में परीक्षा में प्रवेश का आवेदन-पत्र देने से पूर्व डाक्टरी जांच करवा लें।

सेना सलैक्शन बोर्ड द्वारा सिफारिश किए गए योग्य उम्मीदवार काफी संख्या में सेना डाक्टरी बोर्ड द्वारा जांच किये जायेंगे। ऐसे उम्मीदवार को, जिसे डाक्टरी का बोर्ड योग्य घोषित नहीं करेगा, भारतीय सेना अकदामी में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सेना डाक्टरों के बोर्ड द्वारा डाक्टरी जांच हो जाने का यह अर्थ न लगा लिया जाये कि उम्मीदवार को अन्तिम रूप में चुन लिया गया है। मेडिकल बोर्ड की कार्यवाही गोपनीय होती है तथा इसे किसी को प्रकट नहीं किया जा सकता। उम्मीदवारों को उनके अयोग्य/अस्थायी रूप से आयोग होने का परिणाम तथा उनके द्वारा आरोग्यता प्रमाण-पत्र तथा अपील प्रस्तुत करने की प्रक्रिया से अवगत कराया जाता है। चिकित्सा बोर्ड के परिणाम के सम्बन्ध में चिकित्सा बोर्ड के अध्यक्ष को भेजी गई किसी भी याचिका पर ध्यान नहीं दिया जाता है।

उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि यदि उनकी वृष्टि निर्धारित स्तर तक की नहीं है तो उन्हें जब सेना सेलेक्शन बोर्ड द्वारा इंटरव्यू/डाक्टरी जांच के लिए बुलाया जाए, तब वे अपने चश्मे साथ लायें।

6. उम्मीदवारों को यह वचन देना होगा कि जब तक उनका प्रशिक्षण पूरा न हो जाये तब तक वे शादी नहीं करेंगे। यदि कोई उम्मीदवार आवेदन पत्र देने की तारीख के बाद शादी करता है तो इसमें यह इसके बाद की परीक्षाएं में सफल होने के बाद भी वह प्रशिक्षण के लिए नहीं चुना जायगा। यदि कोई उम्मीदवार प्रशिक्षण के दौरान विवाह करता है तो उसे सेवामुक्त कर दिया जाएगा तथा सरकार ने उसके ऊपर जो भी व्यय किया हो वह उससे वसूल किया जा सकेगा।

7. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की आयु 19 वर्ष होनी चाहिए। तथा राष्ट्रीय सेना अकादमी कोर्स के आरम्भ होने के महीने के प्रथम दिन 22 वर्ष नहीं होना चाहिए।

निर्धारित आयु सीमा किसी भी मामले में बढ़ाई नहीं जायेगी।

8. उम्मीदवार के पास परिशिष्ट-I में उल्लिखित विश्वविद्यालयों में से किसी की भी डिग्री अनिवार्य रूप से होनी चाहिए या उसे परिशिष्ट-I-क में उल्लिखित अर्हताओं में से अनिवार्य रूप से कोई भी अर्हता प्राप्त होनी चाहिए।

टिप्पणी-I : अपवादात्मक मामलों में, आयोग किसी ऐसे उम्मीदवार को, शैक्षिक रूप से अर्हता प्राप्त मान सकता है, जिसमें इस नियम में विहित अर्हताओं में से कोई भी अर्हता न हो, बशर्ते कि उसके पास ऐसी अर्हता हो जिसका स्तर, आयोग की राय में, परीक्षा में उम्मीदवार के प्रवेश को न्यायसंगत सिद्ध कर सकें।

टिप्पणी-II : यदि कोई उम्मीदवार किसी ऐसी परीक्षा में बैठा हो जिसमें उत्तीर्ण होने पर वह इस परीक्षा में बैठने का पात्र हो जाएगा किन्तु उक्त परीक्षा का परिणाम सूचित न किया गया हो, तो वह इस परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन-पत्र दे सकता है। ऐसी अर्हक परीक्षा में बैठने का इरादा रखने वाला उम्मीदवार भी आवेदन-पत्र दे सकता है। ऐसे उम्मीदवारों को इस परीक्षा में तभी प्रविष्ट किया जाएगा, यदि वे अन्यथा इसके पात्र हों, लेकिन वे अनन्तिम रूप से प्रविष्ट माने जाएंगे और यदि इन्होंने इस बात का प्रमाण कि वे उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुके हैं, यथाशीघ्र या उस तारीख तक प्रस्तुत न किया, जो संघ लोक सेवा आयोग इस संबंध में निश्चित करे तो उनका प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा।

टिप्पणी-III : कोई भी ऐसा उम्मीदवार, जो अन्यथा योग्य हो लेकिन जिसने किसी ऐसे विदेशी विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त की हो जो परिशिष्ट-I में सम्मिलित नहीं है, आयोग को आवेदन पत्र भेज सकता है और आयोग के विवेकानुसार उसे परीक्षा में प्रविष्ट किया जा सकता है।

9. जो उम्मीदवार पहले राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (भूतपूर्व संयुक्त सेना स्कंध) भारतीय सेना अकादमी (भूतपूर्व सेना कालेज सेना स्कंध), वायु सेना फ्लाइंग कालेज भूतपूर्व वायु सेना अकादमी या नौ सेना अकादमी कोचीन में भर्ती हुए हों, किन्तु वहां से अनुशासनिक कारणों से निकाल दिये गये हों, उन्हें अकादमी में भर्ती नहीं किया जाएगा।

जो उम्मीदवार पहले भारतीय सेना अकादमी (भूतपूर्व सेना कालेज/सेना स्कंध) से अफसर योग्य गुणों के अभाव में निकाल दिया गया हो, उन्हें भी अकादमी में भर्ती नहीं किया जाएगा।

जो उम्मीदवार एन० सी० सी० तथा ग्रेजुएट कोर्स में से अफसर योग्य गुणों के अभाव में निकाल दिया गया हो, उन्हें भी अकादमी में भर्ती नहीं किया जाएगा।

10. उम्मीदवारों को पात्रता के संबंध में संघ लोक सेवा आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

11. यदि किसी उम्मीदवार को संघ लोक सेवा आयोग ने अपने को दूसरा व्यक्ति बताकर के परीक्षा देने अथवा जाली प्रमाण-पत्र पेश करने अथवा त्रुटिपूर्ण या झूठे तथ्य प्रस्तुत करने अथवा किसी तथ्य को छिपाने या परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित उपाय अपनाने की चेष्टा करने अथवा परीक्षा भवन में किसी प्रकार का अनुचित आचरण करने के फलस्वरूप अपराधी घोषित किया गया हो, तो उसके विरुद्ध दाण्डयिक कार्यवाही के अतिरिक्त निम्नलिखित द्वारा स्थायी रूप से या विशिष्टि अवधि के लिए वर्जित किया जा सकता है :—

(क) आयोग द्वारा उम्मीदवार के लिए आयोजित किसी परीक्षा में सम्मिलित होने से अथवा उसके किसी इंटरव्यू में उपस्थित होने से, और

(ख) केन्द्रीय सरकार द्वारा सरकार के अन्तर्गत नौकरी से ।

12. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक कि उसके पास संघ लोक सेवा आयोग का प्रवेश प्रमाण-पत्र नहीं हो ।

13. यदि कोई उम्मीदवार किसी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन पाने के लिए प्रयत्न करेगा तो उसे परीक्षा में बैठने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा ।

14. आयोग द्वारा अधिसूचना के परिशिष्ट II में दी गई पद्धति के अनुसार परीक्षा ली जाएगी ।

15. आयोग की सूचना के अनुबन्ध-I में निर्धारित शुल्क उम्मीदवारों को अवश्य अदा करना चाहिए ।

16. संघ लोक सेवा आयोग स्वविवेक से ऐसे उम्मीदवारों की सूची बनायेगा जिन्होंने लिखित परीक्षा में आयोग द्वारा निर्धारित निम्नतम अंक प्राप्त कर लिए हों । ऐसे उम्मीदवार सेना सेलेक्शन बोर्ड के सामने बुद्धि तथा व्यक्तित्व परीक्षा के लिए प्रस्तुत होंगे । इन परीक्षाओं के अधिकतम अंक 900 हैं ।

इन उम्मीदवारों को आयोग के स्वविवेक से निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक (1) लिखित परीक्षा में तथा (2) सेना सेलेक्शन बोर्ड की परीक्षा में अलग-अलग प्राप्त करने होंगे । इसके बाद उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा तथा सेना सेलेक्शन बोर्ड परीक्षाओं से प्राप्त कुल अंकों के अनुसार उनकी योग्यता के आधार पर क्रम में रखा जायेगा । भारतीय सेना अकादमी के लिए अन्तिम चुनाव योग्यता सूची के आधार पर तथा डाक्टरी जांच में सब तरह से योग्य पाये जाने पर तथा रिक्त स्थानों की संख्या के अनुसार किया जाएगा ।

उम्मीदवारों को सेना सलेक्शन बोर्ड में अपने जोखिम पर परीक्षा देनी होगी तथा जो परीक्षा वे सेना सेलेक्शन बोर्ड के समक्ष देंगे तथा जिनमें या जिनके फलस्वरूप उन्हें चोट लग सकती है जोकि व्यक्ति की लापरवाही से अन्यथा लगे उसके लिए वे किसी मुआवजे का दावा नहीं कर सकेंगे । उम्मीदवारों को इसके लिए आवेदन-पत्र में संलग्न प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे । ऐसे मामलों में जहां उम्मीदवार नाबालिग हों, इस प्रमाण-पत्र पर उनके माता-पिता या अभिभावक को निर्धारित फार्म में हस्ताक्षर करने होंगे ।

17. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षा-फल की सूचना किस रूप में तथा किस प्रकार दी जाये इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा । आयोग परीक्षाफल के बारे में उनसे पत्रोचार नहीं करेगा ।

18. उम्मीदवारों को जब सेना सेलेक्शन बोर्ड में, डाक्टरी जांच या बाद के प्रशिक्षण के लिए बुलाया जायेगा तब उस समय लागू नियमों के अनुसार वे यात्रा भत्ता पा सकेंगे । जो उम्मीदवार पहले इसी प्रकार के कमीशन के लिए सेना सेलेक्शन बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत हुए हों उन्हें तब यात्रा-भत्ता पाने का हक नहीं होगा जब वे बाद के अवसरों पर सेना सेलेक्शन बोर्ड के समक्ष इंटरव्यू या डाक्टरी जांच के लिए बुलाए जाएंगे ।

19. परीक्षा में उत्तीर्ण होने मात्र से अकादमी में भर्ती होने का हक प्राप्त नहीं होता । उम्मीदवार को नियोजक को संतुष्ट करना पड़ता है कि वह हर प्रकार से भारतीय सेना अकादमी में भर्ती के योग्य है ।

20. इससे पूर्व कि उम्मीदवार भारतीय सेना अकादमी में भर्ती हो :

(क) उसे इस आशय के प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे कि वह भली-भांति समझता है कि वह या उसके वैध वारिसों को सरकार से मुआवजा मांगने के दावे का या अन्य सहायता का कोई हक नहीं होगा यदि उसे प्रशिक्षण के दौरान कोई चोट या शारीरिक दुर्बलता हो जाए या मृत्यु हो या उपर्युक्त कारणों से चोट लगने पर किए गए आपरेशन से या संवेदनाहरण औषधि के प्रयोग के फलस्वरूप ऐसा हो जाए ।

(ख) उसके माता-पिता या अभिभावकों को एक बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने होंगे कि किसी कारण से जो उसके नियन्त्रण के अधीन हो यदि उम्मीदवार कोर्स पूरा होने से पूर्व वापिस जाना चाहे या यदि कमीशन दिए जाने पर स्वीकार न करे तो वह शिक्षा-शुल्क, भोजन, वस्त्र, वेतन तथा भत्ते जो उसने प्राप्त किए हैं, उसका मूल्य या उसका वह अंग जो सरकार निर्णय करे, चुकाने की जिम्मेदारी लेता है ।

21. जो उम्मीदवार अन्तिम रूप से चुना जाएगा उन्हें लगभग दो वर्ष का प्रशिक्षण कोर्स पूरा करना होगा । इन उम्मीदवारों को सेना अधिनियम के अन्तर्गत 'जैन्टिलमैन कैडेट' के रूप में भर्ती किया जाएगा । यह जैन्टिलमैन कैडेट

भारतीय सेना अकादमी के सामान्य नियमों तथा विनियमों के अन्तर्गत रहेंगे । इस अधिसूचना के परिशिष्ट-IV में प्रशिक्षण तथा शर्तों का संक्षिप्त ब्यौरा दिया गया है ।

22. प्रशिक्षण का खर्च जिसमें आवास, पुस्तकें, वर्दी, भोजन तथा चिकित्सा सुविधा शामिल हैं सरकार वहन करेगी । माता-पिता तथा अभिभावकों से आशा की जाएगी कि वह कैडेट का निजी व्यय वहन करें । सामान्यत: यह व्यय 55.00 रुपए प्रति माह से अधिक नहीं होता है । यदि किसी कैडेट के माता-पिता या अभिभावक यह व्यय पूर्ण या आंशिक रूप में वहन नहीं कर सकते तो सरकार द्वारा आर्थिक सहायता स्वीकार की जा सकती है । किसी भी कैडेट को जिसके माता-पिता या अभिभावक की मासिक आय 350.00 रुपए से अधिक होगी आर्थिक सहायता नहीं दी जाएगी। अचल सम्पत्ति तथा अन्य आस्तियों तथा अन्य सब साधनों से आय पर आर्थिक सहायता देते समय विचार किया जाएगा ।

उम्मीदवार के माता-पिता या अभिभावक को जैसे ही उसका पुत्र-प्रतिपाल्य को भारतीय सेना अकादमी के लिए चुन लिया जाए तथा यदि वह आर्थिक सहायता का इच्छुक हो तो उसे एक आवेदन-पत्र अपने जिला मजिस्ट्रेट को देना चाहिए जोकि उसे अपनी सिफारिश के साथ कमांडेंट भारतीय सेना अकादमी, देहरादून भेज देगा ।

23. भारतीय सेना अकादमी में पहुंचने के उपरान्त अंतिम रूप से प्रशिक्षण के लिए चुने गए उम्मीदवारों को कमांडेंट के पास निम्नलिखित धन-राशि जमा करनी होगी :—

	रुपए
(क) जेब खर्च पांच महीने के लिए 55.00 रुपए प्रतिमाह की दर से	275.00
(ख) सामान और वस्त्रों के लिए	500.00
जोड़	775.00

उपर्युक्त धन-राशि में से निम्नलिखित धन-राशि कैडेट को यदि उसे आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी जाए वापस की जा सकती है ।

	रुपए
(क) पांच महीने का जेब खर्च 55.00 रुपए प्रति माह की दर से	275.00

24. निम्नलिखित छात्रवृत्तियां भारतीय सेना अकादमी में मिलती हैं :—

(1) **परशुराम भाउ पटवर्धन छात्रवृत्ति** :—यह छात्रवृत्ति महाराष्ट्र तथा कर्नाटक के कैडेटों को दी जाती है । छात्रवृत्ति की राशि 500.00 रुपए प्रति वर्ष तक है । जब तक कैडेट भारतीय सेना अकादमी में रहेगा तब तक के लिए वह ग्राह्य होगी बशर्ते कि कैडेट संतोषजनक प्रगति करता रहे । जिन कैडेटों को यह छात्रवृत्ति दी जाएगी उन्हें सरकार से अन्य आर्थिक सहायता नहीं दी जाएगी ।

(2) **कर्नल कैडेट फ्रेंक मेमोरियल छात्रवृत्ति** :—यह छात्रवृत्ति 360.00 रुपए प्रतिवर्ष की है तथा मराठा कैडेट को दी जाती है तथा जो किसी भूतपूर्व सैनिक का पुत्र होना चाहिए । यह छात्रवृत्ति सरकार से प्राप्त वित्तीय सहायता के अतिरिक्त होगी ।

25. परिधान भत्ता उस दर पर दिया जाएगा जो उस समय के कैडेटों के लिए भारतीय सेना अकादमी के कमांडेंट द्वारा निश्चित किया जाए । इस भत्ते की बची हुई राशि :

(क) कैडेटों को कमीशन प्रदान करते समय दे दी जाएगी या

(ख) यदि उसे कमीशन न प्रदान किया गया तो सरकार को वापस कर दी जाएगी ।

कमीशन प्रदान किए जाने पर इस भत्ते से खरीदे गए वस्त्र तथा अन्य आवश्यक चीजें जो कैडेट की व्यक्तिगत सम्पत्ति बन जाएगी । कैडेट जब प्रशिक्षणाधीन हों और त्याग पत्र दे दें या जिसे निकाल दिया जाये या कमीशन से पूर्व वापस बुला लिया जाय तो इन वस्तुओं को उससे वापस ले लिया जाएगा । इन वस्तुओं को राज्य का सर्वोत्तम लाभ देकर निपटान कर दिया जाएगा ।

26. किसी भी उम्मीदवार को जब वह प्रतिक्षणाधीन होगा सामान्यत: त्यागपत्र देने की अनुमति नहीं दी जाएगी । सिविलियन उम्मीदवार को जिसे पूरा कोर्स करने के लिए उपयुक्त नहीं समझा जाएगा उसे सेना मुख्यालय की अनुमति से सेवा-मुक्त कर दिया जाएगा । इन्हीं परिस्थितियों म सेवा से आए हुए उम्मीदवार को ही उसकी रेजीमेंट या कोर में वापस भेजा दिया जाएगा ।

27. प्रशिक्षण सफलता पूर्वक पूरा करने पर कमीशन प्रदान किया जाएगा । कमीशन देने की तारीख प्रशिक्षण पूरा करने की तारीख से अगली होगी । कमीशन स्थायी होगा ।

28. वेतन और भत्ते, पेंशन, छुट्टी तथा सेवा की अन्य शर्तें कमीशन प्रदान करने के बाद वही होंगी जो समय-समय पर सेना के नियमित अफसरों पर लागू होती है ।

का० वे० रमणमूर्ति,
उप-सचिव
रक्षा मंत्रालय

परिशिष्ट-I

भारत सरकार द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालयों की सूची

(पैराग्राफ 8 देखें)

भारतीय विश्वविद्यालय

भारत में केन्द्रीय राज्य विधानमण्डल के किसी अधिनियम द्वारा संस्थापित कोई भी विश्वविद्यालय और संसद्

के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित, या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अधीन विश्वविद्यालयों के रूप में घोषित अन्य शिक्षा संस्थाएं।

बर्मा के विश्वविद्यालय

रंगून विश्वविद्यालय

मांडले विश्वविद्यालय

इंगलिश और वेल्श विश्वविद्यालय

बर्मिंघम, ब्रिस्टल, कैम्ब्रिज, डरहम लीड्स, लिवरपूल, लन्दन, मानचेस्टर, आक्सफोर्ड, रीडिंग, शेफील्ड और वेल्स विश्वविद्यालय ।

स्काटिश विश्वविद्यालय

ऐबरडीन, एडिनबरा, ग्लासगो और सेंट एंड्रूज विश्वविद्यालय ।

आइरिश विश्वविद्यालय

डब्लिन विश्वविद्यालय, (ट्रिनीटी कालेज)

आयरलैण्ड का राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ।

क्वीन्स यूनिवर्सिटी, बेलफास्ट ।

पाकिस्तान के विश्वविद्यालय

पंजाब विश्वविद्यालय ।

सिंध विश्वविद्यालय ।

बंगला देश के विश्वविद्यालय

राजशाही विश्वविद्यालय ।

ढाका विश्वविद्यालय ।

नेपाल का विश्वविद्यालय

त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमाण्डू ।

परिशिष्ट-I-क

परीक्षा में प्रवेश के लिए मान्य अर्हताओं की सूची :
(पैराग्राफ 8 देखें)

1. काशी विद्यापीठ, वाराणसी की शास्त्री ।
2. फ्रेंच परीक्षा "प्रापेदयुतीक" ।
3. ग्राम्य उच्चतर शिक्षा राष्ट्रीय परिषद् का ग्राम्य सेवाओं में डिप्लोमा ।
4. विश्वभारती विश्वविद्यालय का ग्राम्य सेवाओं में डिप्लोमा ।
5. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् का कामर्स में राष्ट्रीय डिप्लोमा ।
6. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् का इंजीनियरी या प्रोद्योगिकी में नेशनल डिप्लोमा जोकि केन्द्रीय सरकार के अधीन उच्च सेवाओं और पदों पर नियुक्ति के लिए सरकार द्वारा मान्य है ।
7. श्री अरविन्द अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र, पांडिचेरी का "उच्चतर पाठ्यक्रम" बशर्ते कि यह पाठ्यक्रम "पूर्णकालिक विद्यार्थी" के रूप में सफलता पूर्वक पूरा किया गया हो ।
8. इंडियन स्कूल आफ माइन्स, धनबाद का खान इंजीनियरिंग में डिप्लोमा ।
9. वैज्ञानिक थीसिस प्रस्तुत किये बिना पहली लेकिन राजकीय परीक्षा उत्तीर्ण करने पर रूस में उच्चतर शिक्षा संस्थाओं से ग्रेज्यूएशन के रूप में प्रमाणित मानविकी और प्राकृतिक विज्ञानों के क्षेत्र में डिप्लोमा।
10. वाराणसीय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी की शास्त्री (अंग्रेजी सहित) या पुरानी शास्त्री या अतिरिक्त विषयों में, जिनमें से एक विषय अंग्रेजी हो, विशेष परीक्षा के साथ सम्पूर्ण शास्त्री परीक्षा अर्थात् वरिष्ठ शास्त्री ।
11. गुरुकुल विश्वविद्यालय, कांगड़ी, हरिद्वार की अलंकार डिग्री ।
12. बेरुत के अमरीकी विश्वविद्यालय, बेरुत, लेबनान द्वारा प्रदान की गई कला स्नातक (बी० ए०) और विज्ञान-स्नातक (बी० एस०) डिग्रिया ।

परिशिष्ट-II

1. लिखित परीक्षा के विषय और प्रत्येक विषय के लिए नियत समय और निर्धारित अधिकतम अंक निम्न प्रकार होंगे :—

विषय	समय	पूर्णांक
अनिवार्य		
1. अंग्रेजी	3 घण्टे	200
2. सामान्य ज्ञान	3 घण्टे	200
3. प्रारम्भिक गणित	3 घण्टे	150 (अंकगणित और बीजगणित के लिए 75 अंक और ज्यामिती, मेन्सूरेशन, समतल निर्देशांक ज्यामिति और त्रिकोणमिति के लिए 75 अंक)
ऐच्छिक :—निम्नलिखित में से कोई एक विषय		
1. भौतिकी	3 घण्टे	350
2. रसायन	3 घण्टे	350
3. गणित	3 घण्टे	350
4. वनस्पति विज्ञान	3 घण्टे	350
5. प्राणि विज्ञान	3 घण्टे	350
6. भूविज्ञान	3 घण्टे	350
7. भूगोल	3 घण्टे	350
8. अंग्रेजी साहित्य	4 घण्टे	350
9. भारत का इतिहास	3 घण्टे	350
10. सामान्य अर्थशास्त्र	3 घण्टे	350
11. राजनीति शास्त्र	3 घण्टे	350

2. उम्मीदवारों से आशा की जाती है कि वे मीट्रिक सिक्के तोल और नाप पद्धति से परिचित होंगे। प्रश्न-पत्रों को जहां भी आवश्यक होगा मीट्रिक पद्धति के सिक्कों, तोलों तथा नापों पर आधारित करके बनाया जाएगा।

3. सब प्रश्नों का उत्तर अंग्रेजी में दिया जाए जब तक प्रश्न-पत्र में विशेष रूप से अन्यथा न कहा जाए।

4. उम्मीदवारों की सब प्रश्नों के उत्तर अपने हाथ से लिखने चाहिए। किसी भी दशा में उन्हें लेखक की सहायता की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

5. आयोग को अधिकार होगा कि वह परीक्षा के एक या सब विषयों के अर्हक अंक निर्धारित करें।

6. केवल ऊपरी ज्ञान के लिए अंक नहीं दिये जाएंगे।

7. अपठनीय हस्तलेख पर अधिकतम 5 प्रतिशत अंक काटे जा सकते हैं।

8. परीक्षा के सभी विषयों में क्रमबद्ध, प्रभावकारी, यथार्थ अभिव्यक्ति जो शब्दों की समुचित किफायत होने पर श्रेय दिया जाएगा।

अनुसूची

परीक्षा का स्तर और पाठ्य विवरण

अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्रों का स्तर वही होगा जिस स्तर की किसी भारतीय विश्वविद्यालय के विज्ञान/इंजीनियरी स्नातक से अपेक्षा की जा सकती है।

प्रारम्भिक गणित के प्रश्न पत्र का स्तर उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के स्तर का होगा। ऐच्छिक विषयों के प्रश्नपत्रों का स्तर लगभग वही होगा जो भारतीय विश्वविद्यालय के किसी स्नातक डिग्री (पास) का होता है।

इन विषयों में से किसी में भी प्रायोगिक परीक्षा नहीं होगी।

(1) **अंग्रेजी** :

उम्मीदवार को अंग्रेजी में एक निबन्ध लिखना होगा। अन्य प्रश्न पर इस प्रकार के होंगे। जिनसे उम्मीदवार के अंग्रेजी के बोध को और उसके द्वारा अंग्रेजी के शब्दों के व्यावहारिक प्रयोग की परीक्षा ली जा सके। सामान्यतः अंग्रेजी के कुछ अंश उनका संक्षेप करने या सार-लेखन के लिए दिए जाएंगे।

(2) **सामान्य ज्ञान** :

सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाओं की जानकारी और ऐसे मामलों की जानकारी जो दिन प्रतिदिन देखे और अनुभव किये जाते हैं तथा उनके वैज्ञानिक पक्ष की जानकारी; जिसकी किसी ऐसे शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है; जिसने किसी वैज्ञानिक विषय का विशेष अध्ययन न किया हो। प्रश्न पत्र में भारत के इतिहास और भूगोल से संबंधित ऐसे प्रश्न भी होंगे जिनका उत्तर उम्मीदवार उन विषयों का विशेष अध्ययन किए बिना दे सकता है।

गणित

भाग-I

क—अंकगणित

(क) दशमलव भिन्नों का सरलीकरण। अनुपात तथा समानुपात/प्रतिशत/औसत/लाभ और हानि। साधारण तथा मिश्र ब्याज। समय तथा दूरी के प्रश्न। कार्य और समय। चार अंकों की लागरिथमीय सारणियों का प्रयोग।

(ख) संख्या सिद्धान्त के तत्व। विभाजन एलोगोरिथम। गुणन और गुणनखण्ड। अभाज्य और भाज्य संख्याएं। अद्वितीय गुणनखंड प्रमेय का प्रमाण और प्रयोग। धन पूर्णांकों युग्म के अद्वितीय महत्तम और लघुत्तम के अस्तित्व का प्रमाण। यूक्लिड एल्गोरिथम।

टिप्पणी : उम्मीदवार (क) अथवा (ख) दोनों में से किसी एक के प्रश्नों के उत्तर देकर पूरे अंक प्राप्त कर सकते हैं। उम्मीदवार यदि चाहें तो (क) और/अथवा (ख) के प्रश्नों के उत्तर भी दे सकते हैं।

ख—बीजगणित

(क) मूल संक्रियाएं/कोष्ठकों का प्रयोग। साधारण गुणन खंड। शेषफल प्रमेय। समाकल गुणांकों वाले दो अथवा तीन बहुपदों का महत्तम और लघुत्तम। एक अज्ञात के साथ एक घात और द्विघात समीकरण। दो अज्ञातों के साथ समक्षणिक समीकरण। तीन अज्ञातों के साथ रेखिक समक्षणिक समीकरण। ग्राफ—सरल द्विघात और समक्षणिक समीकरणों का ग्राफी हल। ग्राफो के प्रयोग सहित व्यावहारिक प्रश्न। अनुपात तथा समानुपात।

(ख) प्रारम्भिक सेर सिद्धांत। वेतन आरेख। कथन। रैखिक और द्विघाती असमाताओं के हल सेर। समस्याओं के सम्बन्ध में साधारण अनुप्रयोग। परिमय गुणांकों वाले बहुपद। विभाजन एल्गोरिथम। साधारण आंशिक भिन्न। द्विघात समीकरणों के मूल और गुणांकों में सम्बन्ध। समान्तर और गुढ़ांतर श्रेणी और श्रेणी।

टिप्पणी : उम्मीदवार (क) और (ख) दोनों में से किसी एक के प्रश्नों के उत्तर देकर पूरे अंक प्राप्त कर सकते हैं। उम्मीदवार यदि चाहे तो (क) और /अथवा (ख) के प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।

भाग-II

क-ज्यामिति

समतल एवं अवकाश में संपात-स्वयंतथ्य। एक पंक्ति पर क्रम सवयंतथ्य। अवकाश में पृथक्करण स्वयंतथ्य। एक समतल में दिग्वलन।

दृढ़ गति। परावर्तन। एक बिन्दु पंक्ति एवं समतल के विषय में सममिति। परवर्तनों की रचना। घूर्णन। स्थानांतरण एवं सर्पी परावर्तन। सर्वांगसमता और प्रति-सर्वांगसमता। समपरिमाण मान-चित्रण।

(ख) निम्नलिखित पर प्रमेह :—

(1) किसी बिन्दु पर कोण के गुण धर्म ।

(2) समान्तर रेखाएं ।

(3) त्रिभुजों की भुजाएं और कोण ।

(4) त्रिभुजों की सर्वांगसमता ।

(5) समरूप त्रिभुज ।

(6) मध्यस्थों का संगमन, शीर्षलम्ब, भुजाओं के लम्ब द्विभाजक और त्रिभुज के कोणों के द्विभाजक ।

(7) कोणों के गुण धर्म । समान्तर चतुर्भुज की भुजाएं और विकर्ण । समचतुर्भुज, आयतकार । वर्ग तथा समलम्ब ।

(8) वृत्त और उसके गुण धर्म, इनमें स्पर्शज्या तथा प्रसामान्य भी शामिल हैं ।

(9) चक्रीक चतुर्भुज ।

(ग) व्यावहारिक प्रश्न तथा रचनाएं जिसमें ज्यामिति यंत्रों के प्रयोग की आवश्यकता होगी, उदाहरणार्थ कोण तथा सीधी रेखा के खण्ड का द्विभाजन, लम्ब की रचना, समान्तर रेखाएं, त्रिभुज । वृत्तों की स्पर्श रेखाएं । त्रिभुजों के अन्तर्वृत और परिवृत ।

ख-मेन्सुरेशन

समतल आकृतियों का क्षेत्रफल । घन का आयतन और पृष्ठ पिरैमिड, लंबवृत्तीय बेलन और शंकु, और गोला (इनसे सम्बन्धित व्यावहारिक प्रश्न दिये जायेंगे और यदि आवश्यकता होगी तो प्रश्न-पत्र में सूत्र भी दिये जाएंगे ।

ग—समतल निर्देशांक ज्यामिति

दूरी, सूत्र, खण्ड, सूत्र, सीधी रेखा के समीटण के मानक रूप । दो रेखाओं के बीच कोण । समांतरता और लम्बता स्थितियां दिए गए बिन्दु से किसी रेखा पर लम्ब की दूरी । वृत्त का समीकरण ।

घ—त्रिकोणमिति

त्रिकोणमिति अनुपात और सर्वसमिकाएं । 30, 45, 60 के त्रिकोणमित्तीय अनुपात तथा ऊंचाई और दूरी के प्रारम्भिक प्रश्नों में उनका प्रयोग ।

टिप्पणी:—उम्मीदवार ऊपर "क" और "ख" के प्रश्नों के उत्तर पुनः पूरे अंक प्राप्त कर सकते हैं । इस प्रश्न-पत्र के चारों भागों में से प्रश्न चुनने पर भी कोई प्रतिबन्ध नहीं है ।

(4) भौतिकी

1. पदार्थ के सामान्य गुण और यांत्रिकी

यूनिटें और विमाएं, स्केलर और वेक्टर मात्राएं, जड़त्व आघूर्ण, कार्य, ऊर्जा और संवेग । यांत्रिकी के मूल नियम, घूर्णी गति; गुरुत्वाकर्षण, सरल आवर्त गति; सरल और असरल लोलक, केटर का लोलक; प्रत्यास्थता; इलास्टिसिटी) पृष्ठ तनाव; द्रव की विस्कासिता; रोटेरी पम्प; मैक्लोयेड गेज ।

2. ध्वनि

अवमंदित; प्रणोदित और मुक्त कम्पन; तरंग-गति डाप्लर-प्रभाव; ध्वनि तरंग-वेग किसी गैस में ध्वनि के वेग पर दाब; तापमान और आर्द्रता का प्रभाव; डोरियों; छड़ों; प्लेटों और गैस-स्तंभों का कंपन; अनुनाद विस्पंद; ध्वनि की तीव्रता; स्वर-ग्राम; स्थापत्यकला में ध्वनिकता; पराश्रवय ध्वनिकी का प्रारंभिक ज्ञान; ग्रामोफोन; टाकीज और लाउडस्पीकरों के प्रारंभिक सिद्धान्त ।

3. ऊष्मा और ऊष्मागति विज्ञान

तापमान और उसका मापन, तापीय प्रसार, गैसों में समतापी और रुद्धोष्म (ऐडियाबेटिक) परिवर्तन; विशिष्ट ऊष्मा और ऊष्मा-चालकता; द्रव्य के अणुगति सिद्धान्त का प्रारंभिक ज्ञान; बोल्टसमान के वितरण नियम का भौतिक बोध; वांडरवाल का अवस्था-समीकरण, जूल थाम्सन प्रभाव, गैसों का द्रवण, उष्मा-इंजन; कारपटी प्रमेय ऊष्मा गति विज्ञान के नियम और उनका सामान्य अनुप्रयोग; कृष्णिका विकिरण (ब्लैक-बाडी रेडिएशन) ।

4. प्रकाश

ज्यामितीय प्रकाशिकी; प्रकाश का वेग; समतल और गोलीय पृष्ठों पर प्रकाश का परावर्तन और अपवर्तन; प्रकाशीय प्रतिबिम्बों में दोष और उनका निवारण; नेत्र और अन्य प्रकाशिक यंत्र; प्रकाश का तरंग-सिद्धान्त, व्यतिकरण, सरल व्यतिकरणमापी विवर्तन, विवर्तन-ग्रेटिंग, प्रकाश का ध्रुवण, स्पेक्ट्रमविज्ञान के प्रारंभिक विद्धान्त ।

5. विद्युत और चुम्बकत्व

सरल मामलों में विद्युत-क्षेत्र; विद्युत-तीव्रता और विद्युत विभव का परिकलन; गौस-प्रमेय; और उसका सरल अनुप्रयोग विद्युतमापी विद्युत-क्षेत्र के कारण ऊर्जा; द्रव्य के विद्युत और चुम्बकीय गुण; हिस्टेरिसिस; चुम्बक शीलता और प्रवृत्ति (चुम्बकीय); विद्युत-धारा से उत्पन्न चुम्बकीय-क्षेत्र; मूविंग मैग्नेट एण्ड मूविंग क्वायल गैल्वैनोमीटर, धारा और प्रतिरोध का मापन; रिऐक्टिव सर्किट एलिमेंटस के गुण और उनका निर्धारण; ताप-वैद्युत-प्रभाव विद्युत चुम्बकीय प्रेरण; प्रत्यावर्ती धाराओं का उत्पादन; ट्रांसफार्मर और मोटरें; इलेक्ट्रानिक मान और उनका अनुप्रयोग ।

बोर के परमाणु सिद्धान्त के मूल तत्व, इलेक्ट्रान्स; कैथोडे; और एक्सरे; इलेक्टॉनिक चार्ज और द्रव्यमान का मापन ।

(5) रसायन

1. अकार्बनिक रसायन

बोर का हाइड्रोजन परमाणु का माडल, इलेक्ट्रान, प्रोटीन और न्यूट्रोन; आवर्त नियम; परमाणु-न्यूकिल्यस; प्राकृतिक रेडियो एक्टिवता; रासायनिकबंध के स्वरूप का प्रारंभिक विवेचन; संकर लवण, अक्रिय गैसें, अधिक प्रचलित और उपयोगी तत्वों और उनके योगिकों का रसायन, सामान्य उपचायक और अपचायक, लोहा, तांबा, ऐलूमिनियम, सोना, चांदी, निकल, जस्त और सीसे का धातुकर्म; कांच; सिलिकेट; नाइट्रोजन का योगिकीकरण; कृत्रिम खाद; इस्पात उद्योग ।

रासायनिक विश्लेषण के मूल नियम

2. **कार्बनिक रसायन**

पैट्रोलियम उत्पाद, संतृप्त और असंतृप्त हाइड्रोकार्बन, तीन कार्बन परमाणुओं के ऐलिफैटिक श्रेणी के योगिकों के सरल व्युत्पन्नों का रसायन, ऐल्कोहल, ऐल्डिहाइड कीटोन, अम्ल, हैलाइड, एस्टर, ईथर, एसिड एनहाइड्राइड, क्लोराइड और एमाइड, एक्सारकी हाइड्रोक्सी, कीटोनिक और अमीनों अम्ल, कार्ब-धात्विक योगिक; मैलोनिक और एसीटो एसीटिक एस्टर, टार्ट्रारिक, सिट्रिक, मौलिक और फूमैरिक अम्ल, त्रिविम और ज्यामितिक समावयवता, स्टार्च और सेलूलोस सहित कार्बोहाइड्रेट ।

कोलतार आसवन के उत्पाद; बेंजीन और इसके सरल व्युत्पन्नों का रसायन; ट्रालूईन: जाइलीन; फेनोल; हैलाइड; नाइट्रो और अमीनों योगिक; बेंजोइक; सैलिसिलिक; सिनेमिक; मैंडेलिक और सल्फोनिक अम्ल; ऐरोमैटिक ऐल्डिहाइड और कीटोन; डाइऐजो; ऐजों और हाइड्रेजो योगिक; ऐरोमैटिक प्रतिस्थापन; नैफथेलीन; पिरिडीन और क्विनोलीन ।

3. **भौतिक रसायन**

गैसों का अणुगति सिद्धांत; बांडरवाल का समीकरण (इक्वेशन) क्रांतिक और संगत अवस्थाएं; गैसों का द्रवण, द्रवों की संरचना से संबंधित उनके कुछ भौतिक गुण, घानहाफ का तनु विलयन का सिद्धांत; परासरण-दाव (आस्मोटिक प्रेशर); और संबंधित गुण, द्रव्यमान अनुपाती अभिक्रिया दर और अभिक्रिया क्रम का नियम; अभिक्रिया दरों का तापमान गुणांक, वैधुत अपघटन; विधुत अपघटनी चालकता और उसके अनुप्रयोग; आयनिक सन्तुलन; ऑसवाल्ड का तनुता नियम (डाइल्यूशन ला); पानी का आयतन-नियतांक (आयोनाइजेशन कांस्टेण्ट) जल-अपघटन; विलेयता गुणनफल; लीविस की अम्ल और क्षारक संबंधी धारणा; बफर विलयन; पी० एच० मान और सूचकों का सिद्धांत ।

द्रव-विरोधी और द्रव-स्नेही कोलाइड, उनके सामान्य गुण; अधिशोषण; उत्प्रेरण ।

विषमांगी साम्य, प्रावस्था नियम और एक घटक पद्धतियों में इसको लागू करना ।

क्वांटम परिकल्पना, प्रकाश-रसायन का नियम ।

(6) **गणित**

1. बीज गणित, त्रिकोणमिति और डिटर्मिनेंट सहित समीकरण सिद्धांत ।

2. शुद्ध समतल ज्यामिति और दो विमाओं (डिमेंशन्स) को विश्लेषिक ज्यामिति

3. डिफरैंशल और इंटीग्रल कैलकुलस और अवकल समीकरण (डिफरैंशल इक्वेशन) ।

4. स्थिति-विज्ञान, गति विज्ञान और द्रवस्थतिक विज्ञान या सांख्यिकी

7. **वनस्पति विज्ञान**

1. **वनस्पति जगत का सर्वेक्षण**:—प्राणियों और पौधों में अन्तर, जीवित जीव की विशेषताएं; एक कोशिकीय और बहुकोशिकीय जीव; वाइरस; वनस्पति जगत के विभाजन का आधार ।

2. **आकृति विज्ञान** :—(i) एक कोशिकीय पौधे—कोशिका, इसकी संरचना और अन्तर्वस्तु, कोशिकाओं का विभाजन और संवर्धन ।

(ii) बहु कोशिकीय पौधे-असंवहनी और संवहनी पौधों के कार्य में भेद, संवहनी पौधों का बाह्य और आन्तरिक आकृति विज्ञान ।

3. **जीवन वृत्त**—इन पादप वर्गों में प्रत्येक के कम से कम एक पौधे का जीवन वृत्त—बैक्टीरिया नील हरित शैवाल-वर्ग (साइऐनोफाइसी), क्लोरोफाइसी; भूरा शैवाल वर्ग (फियाफाइसी), लाल शैवाल्ल-वर्ग (रोडोफाइसी), पाइकम्पाइसिटीज—ऐस्कोमाइसिटीज, बासिडियमी कवक; लिवरवर्ट; मासेस; टेरिडोफाइटीज; जिम्नोस्पर्म; और ऐन्जियोस्पर्म ।

4. **वर्गिकी**

वर्गीकरण के नियम, ऐंजियोस्पर्मों के वर्गीकरण की मुख्य पद्धति, निम्नलिखित कुलों के विशिष्ट लक्षण और आर्थिक महत्व:—ग्रामिनी सिटामिनी, पामेसी; लिलिएसी; आर्किडेसी; मोरेसी; लारेन्टोसी; मैग्नोलिएसी; लारेसी; क्रुसिफेरी; रोजेसी; लेग्युमिनोसी; रुटेसी; मीलिएसी; यूफोर्बियासी; ऐनाकार्डिएसी; मालवेसी; ऐपोसाइनेसी; ऐक्लीपियाडेसी; डिप्टरोकारपेसी; मर्टेसी अम्बेलीफेरी; तुलसीकुल (लेबिएटी); सोलेनेसी; रुबिएसी कुकुरबिटासिई; वबीनेसी और कम्पोजिटी ।

5. **पादप-शरीर क्रिया विज्ञान**

स्वपोषण, परपोषण; जल और पोषक तत्वों का अन्तर्ग्रहण; वाष्पोत्सर्जन; प्रकाश-संश्लेषण; खनिज पोषण; श्वसन; वृद्धि जनन; पादप/प्राणि संबंध; सहजीवन; परजीविता; एन्जाइम, आक्सिम; हारमोन; दीप्तिकालिता ।

6. **पादपरोग विज्ञान**:—पौधों की बीमारियों के कारण और उनका उपचार; रोग-जीव; वाइरस; त्रुटिजन्य रोग; रोग-प्रतिरोध ।

7. **पादप-पारिस्थिति विज्ञान** :—विशेष रूप से भारतीय पेड़-पौधों और भारत के वनस्पति-क्षेत्रों के संदर्भ में पारिस्थिति विज्ञान और पादप भूगोल से संबंधित आधारभूत तत्व ।

8. **सामान्य जीव-विज्ञान**—कोशिका विज्ञान, आनुवंशिक विज्ञान, पादप प्रजनन, मैण्डेलवाद, संकर-ओज, उत्परिवर्तन, विकास ।

9. **आर्थिक वनस्पति विज्ञान** :—मानव कल्याण के लिए पौधों, विशेषतया पुष्पों पादपों का लाभकारी उपयोग; विशेष रूप से अनाजों; दालों; फलों; चीनी; स्टार्च, तिलहनों; मसालों; पेय पदार्थों; रेशों; लकड़ियों; रबर; औषधियों और आवश्यक जैसे वनस्पति उत्पादों के संदर्भ म ।

10. **वनस्पति विज्ञान का इतिहास** :—वनस्पति विज्ञान संबंधी ज्ञान के विकास की सामान्य जानकारी ।

(8) **प्राणि-विज्ञान**

प्राणिजगत का प्रमुख समूहों में वर्गीकरण; विभिन्न वर्गों के विशिष्ट लक्षण ।

निम्न रज्जुरहित (नॉन कार्डेट) किस्म के प्राणियों की बनावट; आदतें और जीवन-वृत्त ।

अमीबा, मलेरिया-परजीवी; स्पंज; हाइड्रा लिवरफ्लू; फीता कृमि; गोल कृमि; केंचुआ, चोंक; तिलचट्टा; गृह मक्खी; मच्छर बिच्छू; ताजे पानी का मस्ल; ताल घोंघा; और स्टारफिश (केवल बाह्य लक्षण) कीटों का आर्थिक महत्व; निम्नलिखित कीटों की जीव-परिस्थिति की और जीवन-वृत्तः—

दीमक; टिड्डी; शहद की मक्खी और रेशम का कीड़ा ।

रज्जुमान् प्राणियों का आर्डर तक वर्गीकरण ।

निम्नलिखित प्रकार के रज्जुमान प्राणियों की बनावट और तुलनात्मक शरीर :—

ब्रैंकिओस्टोमा; स्कोलिओडान; मेंढक; यूरोमैस्टिक्स या कोई अन्य छिपकली (वैरेनस का अस्थिपंजर); कबूतर (कुक्कुट का अस्थिपंजर); और खरगोश, चूहा या गिलहरी ।

मेंढक और खरगोश के संदर्भ में जन्तु काय के विभिन्न अंगों के ऊतक-विज्ञान और क्रिया विज्ञान की प्रारम्भिक जानकारी; अन्तः स्त्रावी ग्रंथियां और उनका कार्य ।

मेंढक और चूजे के विकास की रूपरेखा; अपरास्तनी जन्तुओं की बनावट और कार्य ।

विकास के सामान्य नियम; विविधता; आनुवंशिकता; अनुकूलन; पुनरावर्तन परिकल्पना; मेन्डेलीय आनुवंशिकता; अलैंगिक जनन और लैंगिक जनन की विधियां; अनिषेक जनन और लैंगिक जनन की विधियां; अनिषेक जनन (पार्थेनोजेनसिस); कायांतरण, पीढ़ी-एकान्तरण ।

विशेषतया भारतीय जन्तु समूह के संदर्भ में जन्तुओं का पारिस्थितिक और भूवैज्ञानिक वितरण ।

भारत के वन्य प्राणी; जिनमें विषैले और विषहीन सांप भी शामिल हैं; शिकार-पक्षी ।

(9) भू-विज्ञान

1. सामान्य विज्ञान

पृथ्वी की उत्पत्ति, काल और आन्तरिक भाग, विभिन्न भूवैज्ञानिक एजेंसियां और स्थलाकृति, अपक्षय और अपरदन (इरोजन) पर उनका प्रभाव, मृदा के प्रकार, उनका वर्गीकरण और भारत के मृदा समूह भारत के भू-आकृति उप-भाग, वनस्पति और स्थलाकृति, ज्वालामुखी, भूकम्प, पर्वत पटल विरूपण (डायस्ट्रोफिज़म) ।

2. संरचनात्मक भू-विज्ञान

आग्नेय, अवसादी और कायांतरित चट्टानें, नति नतिलम्ब और ढलान, वलन, भ्रंश और विषम विन्यास और दृश्यांशों पर उनका प्रभाव, भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और मानचित्रण की विधियों के संबंध में प्रारंभिक जानकारी ।

3. क्रिस्टल विज्ञान और खनिज विज्ञान

क्रिस्टल समिति के बारे में प्रारंभिक जानकारी । क्रिस्टल विज्ञान के नियम, क्रिस्टल की प्रकृति और चमलन (ट्विनिंग) ।

मुद्रा खनिजों और महत्वपूर्ण शैल-रचना का, रासायनिक संघटन, भौतिक गुण, प्रकाशिकगुण-धर्म, परिवर्तन, प्राप्ति और वाणिज्यिक उपयोग संबंधी अध्ययन ।

4. आर्थिक भू-विज्ञान

भारत के लाभकारी खनिजों और उनकी उपस्थिति की अवस्था का अध्ययन । अयस्क निक्षेपों का उद्भव और वर्गीकरण ।

5. शैल विज्ञान

आग्नेय, अवसादी और कायांतरित चट्टानों तथा उनके उद्भव और वर्गीकरण का प्रारंभिक अध्ययन । चट्टानों के सामान्य प्रकारों का अध्ययन ।

6. स्तरित शैल विज्ञान

स्तरित शैल विज्ञान के नियम; भूवैज्ञानिक अभिलेखों का अश्म वैज्ञानिक और कालानुक्रम उप-विभाजन । भारतीय स्तरित शैल विज्ञान की महत्वपूर्ण विशेषताएं ।

7. जीवाश्म विज्ञान

जीवाश्म विज्ञान संबंधी आधार सामग्री का विकास से संबंध । जीवाश्म (फासिल्स) उनका स्वरूप और उनके परिरक्षण की विधि । प्राणी-जीवाश्मों और पादप-जीवाश्मों की निरूप आकृतियों के आकृति विज्ञान और विभाजन की प्रारंभिक जानकारी ।

(10) भूगोल

(i) **प्रारम्भिक भू-आकृति विज्ञान** :—सौर मंडल और पृथ्वी का उद्भव, स्थलाकृति, भू-आकृति, प्रारंभिक भूविज्ञान, चट्टान और मिट्टी का बनना ।

(ii) **जलवायु विज्ञान**:—जलवायु और इसके तत्व, तापमान, दाब, आर्द्रता, पवन पद्धति, चक्रवात और प्रतिचक्रवात का प्रारंभिक ज्ञान, वृष्टिपात के प्रकार ।

(iii) **समुद्र विज्ञान** :—भूमि और जल का वितरण, समुद्रजल का संचलन, ज्वार, धाराएं, लवणता, समुद्रतल निक्षेप ।

(iv) **पादप भूगोल** :—वनस्पतियों के प्रकार, भौगोलिक पर्यावरण से उनका संबंध, वन, घास के मदान, रेगिस्तान, प्रधान प्राकृतिक क्षेत्र ।

(v) **मानव भूगोल** :—पर्यावरण में मानव, मनुष्य की प्रजातियां, मनुष्य के कार्यकलाप और जनसंख्या का विभाजन ।

(vi) **आर्थिक भूगोल**:—मुख्य वनस्पतियां, पशु और खनिज उत्पादन, उनका वितरण और भौगोलिक पृष्ठभूमि, मुख्य उद्योग और उनका स्थानीकरण, कच्चे माल, खाद्यान्न और विनिर्मित माल का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार ।

(vii) **क्षेत्रीय भूगोल** :—भारत का विस्तार से और संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन, जापान, पूर्वी एशिया, पश्चिमी एशिया, श्रीलंका, वर्मा और पाकिस्तान का सामान्य रूप से ज्ञान ।

(11) अंग्रेजी साहित्य

उम्मीदवार को स्पेंसर काल से लेकर महारानी विक्टोरिया के शासन समाप्त होने तक के अंग्रेजी साहित्य के इतिहास का

सामान्य और निम्नलिखित लेखकों की कृतियों का विशेष ज्ञान होना चाहिए :—

शेक्सपीयर, मिल्टन, जांनसन, डिक्न्स वर्डस वर्थ, कीट्स, कार्लाइल, टेनिसन, और हार्डी ।

(12) भारत का इतिहास

1600 ई० से लेकर भारतीय गणराज्य की स्थापना तक का भारत तथा इस अवधि में घटित सांविधानिक प्रगति ।

टिप्पणी:—इस विषय में उम्मीदवारों को भूगोल के उस पक्ष का भी ज्ञान होना चाहिए जिसका संबंध इहिास से होता है और उनको नक्शा बनाना भी आना चाहिए । किसी अवधि के आरंभ होने की यदि कोई निश्चिय तारीख दी जाए तो उम्मीदवारों को सामान्य रूप से यह भी जानना चाहिए कि हम प्रारंभिक स्थिति तक किस प्रकार पहुंचे हैं ।

(13) सामान्य अर्थशास्त्र

उम्मीदवारों को आर्थशास्त्र के सिद्धांत का ज्ञान होना चाहिए और उनको तथ्यों की सहायता से सिद्धांत का निरूपण करना और सिद्धांत के आधार पर तथ्यों का विश्लेषण करना दोनों आना चाहिए, भारत और इंग्लड के आर्थिक इतिहास और इन देशों को आर्थिक स्थिति का कुछ ज्ञान होना चाहिए ।

(14) राजनीति शास्त्र

उम्मीदवारों को राज नीति शास्त्र और उसके इतिहास का ज्ञान होना चाहिए, राजनीति शास्त्र का ज्ञान केवल विधि-निर्माण के सिद्धांत के रूप में ही नही वरन् राज्य के सामान्य सिद्धांत के रूप में भी होना चाहिए । सांविधानिक शासन के प्रकारों (प्रतिनिधि सरकार, संघवाद आदि) और लोक प्रशासन—केन्द्रीय और स्थानीय —पर भी प्रश्न पूछे जाएंगे । उम्मीदवारों को वर्तमान संस्थाओं के उद्भव और विकास का भी ज्ञान होना चाहिए ।

बुद्धि तथा व्यक्तित्व परीक्षा

इन्टरव्यू के अतिरिक्त उम्मीदवारों की मूल बुद्धि की जांच करने के लिए मौखिक तथा लिखित बुद्धि परीक्षा ली जाएगी । उन्हें ग्रुप परीक्षण भी दिए जायेंगे जैसे ग्रुप परिचर्चा, ग्रुप योजना, मैदानी ग्रुप कार्य कलाप तथा उन्हें निर्दिष्ट विषयों पर भाषण संक्षिप्त देने के लिए कहा जायेगा । ये सभी परीक्षण उम्मीदवारों की वृद्धि की जांच के लिए हैं । मौटे तौर पर ये परीक्षण वास्तव में न केवल उसके बौद्धिक गुणों की जांच के लिए हैं अपितु इनसे उसकी सामाजिक विशेषताओं तथा सामयिक घटनाओं के प्रति दिलचस्पी का भी पता चलेगा ।

परिशिष्ट III

भारतीय सेना अकादमी में प्रवेश के लिए स्वास्थ्य का मानक

1. भारतीय सेना अकादमी में प्रवेश के लिए उस उम्मीदवार को ही योग्य ठहराया जाएगा जिसका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक होगा और जिसमें कोई ऐसी आशक्तता नहीं होगी जिससे कुशलतापूर्वक काम करने में बाधा पड़ने की संभावना हो ।

2. निम्नलिखित बातों के सम्बन्ध में तसल्ली की जाएगी;

(क) कमजोर शरीर गठन, अपूर्ण विकास, गम्भीर कुरचना या मोटापा तो नहीं है;

(ख) हड्डियों और संधियों का कुविकास तो नहीं है और उनमें किसी प्रकार की क्षीणता तो नहीं आ गई है;

(i) किसी उम्मीदवार की शारीरिक जांच के दौरान अल्पविकसित ग्रीवा पर्शुका के पता लगने पर उम्मीदवार अयोग्य समझा जाएगा ।

